बागोद में सामाजिक समरसता की ऐतिहासिक पहल..

## सदियों पुरानी परंपरा की दीवारें टूटीं, दलित समाज को मिला गणगौर रथ विसर्जन का पहला अवसर



**पीपुल्स प्रवक्ता बागोद/ खरगोन।**

कस्बे में इस वर्ष का गणगौर माता रथ विसर्जन उत्सव सामाजिक न्याय और भाईचारे की एक नई गाथा लिख गया। समाज में व्याप्त पुरानी कुरीतियों और एक-दूसरे को दबाने की मानसिकता को दरकिनार करते हुए, बागोद के प्रबुद्ध नागरिकों ने हजारों वर्ष पुरानी रूढ़िवादी परंपरा को तोड़कर एक प्रगतिशील मिसाल कायम की है। इस वर्ष गणगौर विसर्जन के क्रम और समय को लेकर दलित, पिछड़ा और सामान्य वर्ग के बीच मतभेद की स्थिति बनी थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए बागोद पुलिस चौकी में दोनों पक्षों की एक संयुक्त बैठक बुलाई गई।

बैठक में बागोद चौकी प्रभारी श्री हरिशंकर पान्टेल ने अपनी उत्कृष्ट सूझबूझ, निष्पक्षता और कुशलता का परिचय देते हुए दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित कराया। चौकी प्रभारी की सकारात्मक मध्यस्थता और प्रबुद्ध नागरिकों की दूरदर्शिता के चलते बैठक में जो निर्णय हुआ, उसने पूरे क्षेत्र का दिल जीत लिया। सर्वसमाज ने आपसी सहमति से पुरानी व्यवस्था में बदलाव करते हुए, वंचित वर्ग को विसर्जन का प्रथम अवसर सहर्ष प्रदान किया। सभी समाजों द्वारा लिए गए इस निर्णय ने यह साबित कर दिया कि भाईचारा और समानता किसी भी रूढ़िवादी परंपरा से ऊपर है। इस ऐतिहासिक समझौते और भाईचारे की भावना से प्रेरित होकर चौकी प्रभारी श्री हरिशंकर पान्टेल ने स्वयं पहल करते हुए दोनों समाज के प्रबुद्धजनों और प्रतिनिधियों को माला पहनाकर उनका स्वागत व अभिनंदन किया।

उन्होंने समाज के इस परिपक्व कदम के प्रति अपना गहरा आभार प्रकट किया। इस ऐतिहासिक और सुखद समाधान के अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक साक्षी बने और अपनी महती भूमिका निभाई, सरपंच सेवक राम गुर्जर,पुना जी डोड,गज्जू भाटोलिया, अशोक जैन,कमल शर्मा, प्रवीन जैन,जितेंद्र सोलंकी, संजय गुर्जर, रितेश अग्रवाल, राजेश खरे,संतोष भटोलिया, संतोष चौहान, कैलाश जगदाले,हरि जगदाले, पप्पू जी, अमर सिंह जगदाले इन सभी प्रबुद्ध नागरिकों ने आपसी समन्वय और प्रेम बनाए रखने का संकल्प लिया। श्री पान्टेल ने बताया प्रशासन और जनता के बीच ऐसा समन्वय ही शांति व्यवस्था की असली नींव है। जब समाज स्वयं आगे बढ़कर पुरानी रूढ़ियों को त्यागता है और सबको गले लगाता है, तो पुलिस का काम आसान हो जाता है। बागोद के सभी समाजजनों ने आज जो परिपक्वता और भाईचारा दिखाया है, वह पूरे प्रदेश के लिए एक मिसाल है। मैं सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

गैस सिलेंडर के बाद अब पेट्रोल को लेकर मचा हाहाकार,लग रही लम्बी कतारें

# प्रशासन ने ली बैठक, पेट्रोल-डीजल बिक्री की तय की लिमिट, पेट्रोलपंप पर तैनात रहेंगे होमगार्ड और पटवारी



**पीपुल्स प्रवक्ता खरगोन।**

गैस सिलेंडर के बाद अब शहर में पेट्रोल को लेकर हाहाकार बचा हुआ है। मंगलवार रात से बुधवार शाम तक पंपों पर वाहनों की कतारें लगी रही। यह हालात शहर में पेट्रोल और डीजल खत्म होने की अफवाह के बाद बने है। पेट्रोल पंपों पर लोगों की भारी भीड़ लग रही है। मंगलवार रात करीब 9 बजे पेट्रोल पंप पर दो पहिया, चार पहिया वाहनों की कतारें लगने लगी। यह स्थित बुधवार शाम तक रही। पेट्रोल पंप संचालक सहित कर्मचारी ग्राहकों को कहते रही कि पेट्रोल पर्याप्त है, इसके बाद भी लोग कतारों में लगे रहे। पेट्रोल पंप पर लगी भीड़ के बाद कलेक्टर ने निर्देश भी जारी किए। कलेक्टर की ने कहा है कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि प्रशासन ने बढ़ती मांग को देखते हुए पंप पर बाईक एवं चार पहिया वाहन में पेट्रोल-डीजल डालने की लिमिट तय कर दी है। इसके अलावा व्यवस्था बनाए रखने होमगार्ड एवं पटवारी तैनाती के निर्देश भी दिए है। पंप पर कतारों में लगे वाहन चालको का कहना है कि कुछ पेट्रोल पंप पर बिक्री बंद कर दी गई और लिमिट तय किए जाने से उन्हें पेट्रोल की कमी का अंदेशा है। वहीं कुछ लोगों का कहना था कि जल्द ही पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने वाले है, इसलिए वर्तमान दर पर स्टॉक करने की नियत से पंप पर पहुंचे है। उल्लेखनीय है कि ईरान, इजराइल युद्ध के बाद गैस सिलेंडर की किल्लत सामने आई थी। लोग आज भी कतारों में लगकर अपने सिलेंडर की बारी का इंतजार कर रहे है। ऐसी स्थिति को देखते हुए लोग पेट्रोल-डीजल को लेकर भी आशंकित है। प्रशासन से मिली जानकारी अनुसार जिले में भी स्टॉक मौजूद है, जहां से लगातार डीलर्स को सप्लाई की जा रही है। ईंधन आपूर्ति की व्यवस्था पूरी तरह सुचारू है। कहीं भी किसी प्रकार की समस्या नहीं है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि पेट्रोल-डीजल की कमी को लेकर फैल रही किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से घबराहट में ईंधन का संग्रह न करें। वहीं पंप संचालकों के मुताबिक लोग अफवाह के चलते लोग आवश्यकता से अधिक पेट्रोल अपने वाहनों में भरवा रहे है।

भगवा पताकाओं से सजा शहर, आज मंदिरों में मनेगी रामनवमी

## 27 को श्रीराम जन्मोत्सव समिति निकालेगी भव्य शोभायात्रा, प्रशासन अलर्ट

**पीपुल्स प्रवक्ता खरगोन।**

शहर में रामनवमी को लेकर उत्सवी माहौल बनने लगा है। इस बार दो दिन रामनवमी होने से रामभक्तों में उत्साह का माहौल है। गुरुवार को शहर के श्रीराम मंदिरों में श्रृंगार, पूजन महाआरती होगी। इसके साथ ही कलश चौक श्रीराम मंदिर से रघुवंशी समाजजन परंपरागत शोभायात्रा निकालेंगे। इसी तरह 27 मार्च को श्रीराम जन्मोत्सव समिति ने भव्य शोभायात्रा निकालने की तैयारी की है। जगह-जगह भगवा पताकाएं फहराई गई है।



श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा निकाली जाने वाली शोभायात्रा के स्वागत के लिए सराफा बाजार, पोस्ट ऑफिस चौराहा, एमजी रोड, तालाब चौक, टवड़ी मोहल्ला भगवा पताकाओं से पटा हुआ है। इन आयोजनों को लेकर जहां आयोजन समितियों ने व्यापक स्तर पर तैयारियां की है, वहीं पुलिस एवं प्रशासन भी अलर्ट नजर आ रहा है। समिति के अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने बताया कि शोभायात्रा का यह 13वां वर्ष है। दोपहर 2 बजे भोला चौक से आरती के बाद प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शोभायात्रा प्रारंभ होगी। शोभायात्रा में 17 आकर्षक झांकियां, 15 डीजे, 4 अखाड़े तथा ढोल-ताशा पार्टी शामिल रहेगी। रामलला राजसी ठाठ- बाट के साथ रथ में विराजमान रहेंगे। शोभायात्रा को लेकर पूरे शहर को भगवा ध्वज एवं तोरणों से सजाया गया है। 40 से अधिक सेवा स्टॉल और स्वागत मंच सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा लगाए जाएंगे, जहां श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाएगा। यह यात्रा तालाब चौक, तवड़ी, कलादेवल, श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर, किला गेट, सराफा बाजार, पोस्ट ऑफिस चौराहा और श्रीकृष्ण टॉकीज होते हुए रात करीब 12 बजे श्रीराम मंदिर धर्मशाला, बस स्टैंड पहुंचेगी। आयोजन को लेकर समिति द्वारा एक माह पूर्व से ही तैयारियां शुरू कर दी गई थीं। झांकियों, ढोल-ताशों, डीजे तथा बैनर-पोस्टर की व्यवस्थाएं पहले ही कर ली। शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शोभायात्रा को सफल बनाने की अपील की है। रामनवमी की पारंपरिक शोभायात्रा शांति, सौहार्द और प्रेम के साथ निकले, त्यौहार उत्सव के रुप में मने इसके लिए प्रशासन मुस्तैद है।

## जनगणना 2027 से सम्बंधित विस्तृत प्रशिक्षण सम्पन्न

**पीपुल्स प्रवक्ता भिण्ड।**



भारत की जनगणा 2027 से संबंधित प्रशिक्षण कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में बताया गया कि भारत की जनगणना-2027 का प्रथम चरण यथा सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक किया जाना है। इस हेतु भोपाल से प्रशिक्षण प्राप्त जिले से नामित मास्टर ट्रेनर श्री रविकांत सिंह एवं जनगणना कार्य निदेशालय म0प्र0 भोपाल से श्री भानुप्रताप सिंह (जिला जनगणना प्रभारी) द्वारा जनगणना 2027 से सम्बंधित विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण प्रातः 10.30 बजे से सांय 6 बजे तक आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण में जनगणना 2027 से संबंधित 03 दिवसीय प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में क्विज टेस्ट, एच.एल.ओ. प्रश्न, प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को समझाने की विधि (अवधारणाओं और परिभाषाओं पर जोर देने के साथ) एवं एच.एल.ओ. मोबाइल एप की स्थापना, प्रक्रिया और अवलोकन इसकी विशेषताऐं, एच.एल.ओ. एप का उपयोग करने प्रगणकों द्वारा उत्तर भरने की विधि तथा पर्यवेक्षक द्वारा डाटा सत्यापन, स्वगणना (एस.ई.) प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की भूमिका के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

उक्त प्रथम चरण हेतु भिण्ड जिले के लिये आयोजित 03 दिवसीय प्रशिक्षण में जिला स्तर पर द्वितीय दिवस का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार भिण्ड में प्रदान किया गया है। उक्त प्रशिक्षण में समस्त ग्रामीण चार्ज के लिये फील्ड ट्रेनर्स (भिण्ड ग्रामीण को छोडकर) प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

ग्वालियर में दूल्हा पहुंचा सिलेंडर मांगन

## मेहंदी दिखाकर बोला-1100 लोगों का खाना है, 13 सिलेंडर चाहिए, साहब कैसे भी दिला दो

**पीपुल्स प्रवक्ता ग्वालियर।**

ग्वालियर में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी के बीच मंगलवार को एक दूल्हा खुद कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर सिलेंडर की मांग करता नजर आया। 26 मार्च को शादी होने के कारण उसने 1100 मेहमानों के भोजन के लिए 13 सिलेंडर की जरूरत बताई, लेकिन प्रशासन ने उपलब्धता नहीं होने की बात कही।

**मेहंदी दिखाकर लगाई सिलेंडर की गुहार:** गुढ़ा गुढ़ी का नाका निवासी दूल्हा राकेश कुमार जिला आपूर्ति कार्यालय पहुंचा। उसने हाथों की मेहंदी और शादी का कार्ड दिखाकर सिलेंडर दिलाने की गुहार लगाई। दूल्हे ने बताया



कि 25 मार्च से खाना बनना शुरू होगा और 1100 मेहमानों के लिए हलवाई ने 13 कमर्शियल सिलेंडर की मांग की है।

**प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था सुझाई:** जिला आपूर्ति नियंत्रक अरविंद भदौरिया ने बताया कि सिलेंडर उपलब्ध नहीं हैं। लोगों को भट्टी या डीजल चूल्हे जैसे वैकल्पिक साधन अपनाने की सलाह दी गई है। रामनवमी के अबूझ मुहूर्त के कारण शहर में बड़ी संख्या में शादियां हो रही हैं। इससे सिलेंडर की मांग अचानक बढ़ गई है।

**सिर्फ 1226 सिलेंडर का सीमित स्टॉक:** गैस एजेंसियों के पास 1226 कमर्शियल सिलेंडर का ही स्टॉक है। इनमें प्राथमिकता शिक्षण संस्थान, अस्पताल और सुरक्षा सेवाओं को दी जा रही है। सरकारी आवंटन में विवाह समारोह को शामिल नहीं किया गया है। रेस्टोरेंट और कैटरर्स को भी केवल 9 प्रतिशत सिलेंडर आवंटित किए जा रहे हैं। शहर में घरेलू गैस की भी कमी है। करीब 60 हजार उपभोक्ता प्रतीक्षा में हैं, जबकि प्रतिदिन 9 हजार सिलेंडर की आपूर्ति हो रही है।

## बीच रोड पर कार लेकर खड़े थे बदमाश,पीछा कर की फायरिंग

**पीपुल्स प्रवक्ता ग्वालियर।**

ग्वालियर में कार सवार बदमाशों ने हॉर्न बजाने पर महिला को गोली मार दी है। गोली महिला के गर्दन में लगी और उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। महिला ददंरौआ धाम से दर्शन करने के बाद अपने बेटे के साथ कार में सवार होकर अलीगढ़ जा रही थी। रास्ते में तीन से चार युवक कार लेकर खड़े थे। जिस पर महिला के बेटे ने हॉर्न बजाया, लेकिन कार सवारों ने अनसुना कर दिया।

जिसके बाद महिला के बेटे ने हूटर बजा दिया। इससे कार सवारों ने साइड दो दे दी, लेकिन पीछा शुरू कर दिया। इसके बाद बदमाशों ने फायरिंग कर दी। जिसमें एक गोली कार के कांच को चीरते हुए महिला की गर्दन पर आकर लगी है। घटना मंगलवार रात 11.30 बजे रनगंवा गांव रोड बेहट थाना की है।



बुधवार को पुलिस ने मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ निवासी भीम गौतम शर्मा प्राइवेट कंपनी में जॉब करते हैं। वह अपनी मां 60 वर्षीय विमला देवी के साथ ग्वालियर आए हुए थे। दो दिन से वह गिजोर्रा के दूध खो गांव में चल रही भागवत कथा में शामिल हुए थे। रविवार को घर वापस लौटने से पहले गौतम शर्मा व उनकी मां विमला देवी पहले रतनगढ़ मंदिर गए और लौटकर दंदरौआ धाम भी हो आए। इसके बाद वह अपने घर अलीगढ़ जाने के लिए कार से निकले थे। रात को देर हो गई थी। वह बेहट थाना स्थित रनगंवा गांव के रोड से गुजर रहे थे तो कुछ ही दूरी पर बीच सड़क पर कार खड़ी थी। कार में तीन-चार लड़के सवार थे। सिंगल रोड होने के चलते गौतम की कार नहीं निकल पा रही थी। पहले गौतम ने दो से तीन बार हॉर्न दिया, लेकिन कार सवार टस से मस नहीं हुए। इसके बाद गौतम ने गाड़ी पर लगा हूटर बजाया। जिस पर लड़कों ने अपनी कार हटाकर साइड दे दी। फायरिंग मामले की पुलिस जांच कर रही है। **भिंड की ओर भागे बदमाश:** फायरिंग करने और उसमें महिला को गोली लगते देखकर बदमाश घटना के बाद मौके से भिंड की ओर फरार हो गए। घटना का पता चलते ही पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी के लिए टीमें लगाई, लेकिन बदमाशों का कुछ पता नहीं चल सका। **पुलिस खंगाल रही सीसीटीव्ही कैमरे:** जिस जगह घटना हुई है वहां कोई सीसीटीव्ही कैमरा नहीं लगा है। पुलिस ने घटना के बाद आसपास के इलाके में और बदमाशों के भागने के रूट पर पेट्रोल पंप व होटल के आसपास सीसीटीव्ही कैमरे खंगालने के लिए एक टीम लगा दी है, जिससे आरोपियों की कार के संबंध में सुराग लग सके।

# अपार्टमेंट खाली कराया, लोगों ने दूसरी छतों पर कूदकर बचाई जान

गैस सिलेंडर बाहर निकाले,तीन दमकलों ने पाया काबू

**पीपुल्स प्रवक्ता ग्वालियर।**

ग्वालियर के खुर्दे वाला मोहल्ला स्थित राजश्री अपार्टमेंट में बुधवार सुबह 11 बजे आग लग गई। अपार्टमेंट के ग्राउंड फ्लोर में स्थित केमिकल गोदाम से आग शुरू हुई और पहली मंजिल तक पहुंच गई। आग बढ़ती देख अपार्टमेंट के रहवासी घबरा गए और छत की ओर दौड़ लगा दी। उन्होंने दूसरी छतों पर कूदकर जान बचाई। पुलिस मौके पर पहुंची और अपार्टमेंट में रह रहे परिवारों को बाहर निकला। 3 फायर ब्रिगेड पानी और एक गाड़ी केमिकल फॉर्म की मदद से करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। आखिर में धुएं पर फॉम डाला गया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

पुलिस के अनुसार अपार्टमेंट के ग्राउंड फ्लोर पर गोदाम है, जिसमें स्याही और सर्जिकल सामान रखा है। बताया जा रहा है कि सर्जिकल सामान से आग भड़की। आसपास के लोगों ने जैसे ही आग देखी, तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। कुछ ही देर में दमकल मौके पर पहुंच गई। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने जल्दी से अपार्टमेंट खाली कराया और घरों में रखे गैस सिलेंडर बाहर निकाले।

वहीं गोदाम से स्याही के ड्रम भी बाहर निकाले गए। एसएसपी ग्वालियर धर्मवीर सिंह खुद लोगों को बाहर निकालते नजर आए। अपार्टमेंट तक पहुंचने का रास्ता संकरा होने के कारण दमकलों को घटनास्थल तक पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि दमकल समय से पहुंच गई और पानी डालना शुरू किया। गोदाम के मालिक का पता लगाया जा रहा है।

**शॉट सर्किट से आग लगने की आशंका:** आग लगने के सही कारणों का अब तक पता नहीं चला है पर आशंका जताई जा रही है कि शॉट सर्किट से आग लगी है। आग लगते



ही स्थानीय लोगों ने पानी डालकर बुझाने का प्रयास किया, पर आग भड़क गई। **अपार्टमेंट में फंस गए थे रहवासी:** बिल्डिंग में लगभग 20 परिवार रहते हैं। रहवासी लक्ष्मी राठौर ने बताया कि हम लोग पूरी तरह से फंस गए थे। न तो नीचे उतर पा रहे थे और ऊपर भी टॉवर लगा है। बच्चों को एक-एक करके निकला है। बहुत मुश्किल से जान बचाई है। कई बार केमिकल के गोदाम हटाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन कोई नहीं सुनता। रेशमा ने बताया कि कुछ समझ नहीं आ रहा था कि कैसे बचेंगे। बड़ी मुश्किल से बाहर निकले हैं। ये शिल्पा मेडिकल वालों का गोदाम है। **लापरवाही मिली तो कार्रवाई करेंगे:** ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान ने कहा कि आगजनी की घटना में केमिकल गोदाम वालों की ओर से लापरवाही सामने आई, तो कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अपार्टमेंट में रहने वाले सभी परिवार सुरक्षित हैं। समय रहते उन्हें बाहर निकाल लिया था। उन्होंने बताया कि आज हम शहर के प्रबुद्धजनों की एक बैठक कर रहे हैं, जिसमें आगजनी की घटनाओं में जनहानि रोकने और कम से कम नुकसान होने के लिए संभावित प्रयासों पर चर्चा की जाएगी।

**राहत कार्य जारी है:** सीएसपी मनीष यादव ने बताया कि गोदाम में स्याही के ड्रम रखे थे, जिन्हें बाहर निकाल लिया है। अंदर रखे सर्जिकल वेस्ट मटेरियल से आग लगी थी। एसडीआरएफ की टीम अंदर मौजूद है। आग लगभग एक घंटा पहले लगी थी। जिस पर काबू पा लिया गया है। आग बुझाने में लगभग 3 गाड़ी पानी और एक गाड़ी केमिकल फॉर्म का इस्तेमाल की जा चुका है।

## गाड़ी हटाने पर विवाद, तीन पर केस दर्ज

**पीपुल्स प्रवक्ता ग्वालियर।**



माधौगंज थाना क्षेत्र में गाड़ी हटाने को लेकर हुए विवाद में एक सिपाही और उसके साथियों द्वारा एक व्यक्ति से मारपीट का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार दोपहर करीब 2 से 3 बजे के बीच की बताई जा रही है, जब विवाद के बाद मारपीट की गई। अब वीडियो सामने आया है।

### घर पहुंचकर की गई मारपीट का आरोप

पीड़ित सोनू सोनी (37), निवासी चितेरा ओली, ने आरोप लगाया कि सिपाही गिर्राज गुर्जर अपने 15-20 साथियों के साथ उसके घर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। मारपीट की पूरी घटना पास के घर में मौजूद एक युवक ने मोबाइल में रिकॉर्ड की। बाद में वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्जः माधौगंज थाना प्रभारी दिव्या तिवारी ने बताया कि शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर सिपाही गिर्राज गुर्जर, आर्यन गुर्जर और मनीष गुर्जर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।